(ख) यदि हां, तो उस योजना पर कितनी राशि खर्च की जाएगी;

(ग) क्या उक्त अवधि के दौरान, बम्बई, वाडीनार, कांडला पत्तनों के विकास की कोई व्यापक योजना सरकार के विचाराधीन है;

(घ) क्या इस उद्देश्य के लिए कोई विदेशी सहायता भी ली जा रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री एम० राजशेखर मूर्ति):** (क) जी हां। अंतर्देशीय जल परिवहन यातायात की अत्यधिक संभावना को ध्यान में रखते हुए केन्द्रीय अंतर्देशीय जल परिवहन नि० लि० ने मुख्य आई डी टी प्रचालक होने के नाते आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान नए जलयानों की खरीद, राजाबागान डाकयार्ड के आधुनिकीकरण तथा जलयानों की पूंजीगत मरम्मत की स्कीम तैयार की थी।

(ख) आठवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान 96.10 करोड़ रु० के अनुमोदित परिव्यय की तुलना में मार्च, 1995 तक विकास कार्यों पर केवल 11.00 करोड़ रु० की राशि खर्च की गई है जो वस्तुतः वार्षिक आबंटन पर आधारित है। इसके अतिरिक्त आठवीं योजना के दौरान पूर्वानुमानित व्यय लगभग 40.00 करोड़ रु० है।

(ग) से (ङ) जी हां। बम्बई और कांडला पत्तन (वाडीनार सहित) के विकास के लिए आठवीं योजना में अनेक विकास स्कीमें हैं। ये स्कीमें इस प्रकार हैं:—

**बम्बई पत्तन:**

1. सब-मैरिन पाइप लाइनों को बदलना।
2. इन्दिरा डॉक और विक्टोरिया डॉक में व्हार्फ क्रेनों को बदलना।
3. वडाला में भूमि का अग्रिहण और विकास।
4. सक्शन ड्रेजर "विक्रम" को बदलना।
5. पीरपाऊ ऑयल बर्थ को बदलना।
6. इन्दिरा गोदी के बाहरी लॉक गेट को बदलना।
7. फायर फ्लोर शीतल को बदलना।
8. मिअरवैदर और हम्स ड्राई डॉक में कैशन गेट को बदलना।
9. जहाज मरम्मत सुविधाओं का आधुनिकीकरण।
10. जलयान यातायात प्रबंधन प्रणाली।

**कांडला पत्तन (वाडीनार सहित)**

1. कांडला में अतिरिक्त तेल जैट्टी।
2. कांडला में अतिरिक्त कार्गो बर्थ।
3. वाडीनार में बहुउद्देश्यीय बर्थ तथा अवसंरचनात्मक सुविधाओं का विकास।
4. कांडला में 66 के वी-11 के वी विद्युत उपकेन्द्र की व्यवस्था।
5. न्यू कांडला में कार्गो जैट्टी तक पारगमन क्षेत्र और मौजूदा सड़कों को चौड़ा करना और सुधारना।
6. वाडीनार में कच्चा तेल हैंडल करने के लिए अतिरिक्त सुविधाएं।
7. कांडला में कंटेनर हैंडलिंग सुविधाओं का विकास।
8. कांडला में चौथी तेल जैट्टी।
9. एच डी कच्छ वल्लभ का सुधार/प्रतिस्थापन।

आठवीं पंचवर्षीय योजना में कांडला पत्तन न्यास (वाडीनार सहित) के लिए कुल परिव्यय 226.00 करोड़ रु० और बम्बई के लिए कुल परिव्यय 413.00 करोड़ रु० है। बम्बई पत्तन न्यास के मामले में क्रम संख्या 5 से 10 तक दी गई परियोजनाओं के लिए एशियाई विकास बैंक 51 मिलियन अमेरिकी डॉलर उपलब्ध करवा रहा है।

**Proposal for National Grid of Natural and Associated Gas**

303. SHRI NILOTPAL BASU: Will the Minister of PETROLEUM AND NATURAL GAS be pleased to state:

(a) whether Government have any proposal under their consideration to build a national grid of natural and associated gas;

(b) if so, the details thereof; and

(c) if not, the reasons therefor;

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF PETROLEUM AND NATURAL GAS (CAPT. SATISH SHARMA): (a) to (c) No proposal for a national grid for natural gas is under consideration at present. Additional pipelines to transport natural gas are planned to be set up in various regions depending on the availability of gas and the requirement of units which have been allocated gas.